कार्यालय प्राचार्य, किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान (अग्रणी) महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)
Affiliated to Shaheed Nandkumar Patel Vishwavidyalaya, Raigarh (C.G.)
Email - kgcraigarh1958@gmail.com www.kgcollegeraigarh.ac.in

दिनांक– 22.12.2025

# महत्वपूर्ण सूचना

(पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2025–26)

महाविद्यालय में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि जिनके द्वारा ऑनलाईन माध्यम से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2025–26 का आवेदन किया गया था, परन्तु किसी कारणवश अग्रिम प्रकिया नहीं हुआ होगा वे कम्प्यूटर कक्ष में सम्पर्क करें तथा जिनके द्वारा वर्ष 2025–26 पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन नहीं किया गया है, वे ऑनलाईन आवेदन **15.01.2026** तक कर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ कम्प्यूटर कक्ष **(Computer Room)** में **11.00** बजे से **01.00** बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें।

23/12/25

प्राचार्य
कि.म.शा. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)

# कार्यालय आयुक्त,
## आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

**इन्द्रावती भवन, ब्लाक–डी (भू–तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ0ग0)**

**☎ - 2263708, 2262558 Fax - 2262558**

**Email Id - pmscatobc@gmail.com**


क्रमांक/ऑ.ला.पो.मै.छा./162/2025–26/10986 नवा रायपुर, दिनांक 19/12/2025

**: : सूचना प्रकाशन : :**

**वर्ष 2025–26 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी के लिए ऑनलाईन पंजीयन की तिथि वृद्धि की सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी, शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई आदि में अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है तथा इन संस्थाओं के प्राचार्यो/संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया जाता है कि **शिक्षा सत्र 2025–26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही** http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि निम्नानुसार निर्धारित है :–

| क | प्रक्रिया | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 01 | विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन/पंजीयन हेतु (नवीन/ नवीनीकरण) | दिनांक 15.01.2026 तक |
| 02 | संस्थाओं द्वारा Proposal Lock कर सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास को प्रेषित करने की अंतिम तिथि | दिनांक 05.02.2026 तक |
| 03 | शासकीय संस्था/जिला कार्यालय द्वारा Sanction Order Lock करने की अंतिम तिथि | दिनांक 08.02.2026 तक |
| 04 | जिला कार्यालय द्वारा भुगतान हेतु राज्य कार्यालय को प्रेषित करने की अंतिम तिथि | दिनांक 10.02.2026 तक |
| 05 | छात्रवृत्ति भुगतान जारी करने की अंतिम तिथि | दिनांक 15.02.2026 तक |

उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् शिक्षा सत्र 2025–26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

1. छात्रवृत्ति हेतु निम्नानुसार पात्रता निर्धारित है :–
   क. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय–सीमा रू. 2.50 लाख प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय–सीमा रू. 1.00 लाख प्रतिवर्ष।
   ख. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र।
   ग. छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र।
   घ. विद्यार्थी के अध्ययनरत् पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम।
2. PFMS के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं <u>आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की ही प्रविष्टि</u> करना सुनिश्चित करें।
3. वर्ष 2025–26 से संस्थाओं का Geo-Tagging किया जाना अनिवार्य है। जिन संस्थाओं द्वारा Geo-Tagging नहीं किया जावेगा, उक्त संस्था के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदाय नहीं की जायेगी।
4. वर्ष 2025–26 में अनु.जनजाति एवं अनु.जाति के विद्यार्थियों को NSP Portal से OTR (One Time Registration) प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रदाय निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है।
5. वर्ष 2025–26 में संस्था प्रमुख (HoI) एवं संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी (INO) का biometric-authentication किया जाना अनिवार्य है।

उपायुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास